## एक नजर

### बिलसंडा में पांच नवंबर से शुरू होगा रामलीला मेला

**बिलसंडा, अमृत विचार :** दीपावली पर्व से शुरू होने वाला नगर का मेला श्री रामलीला इस बार दीपावली के बाद पांच नवंबर से शुरू होगा। रावण वध की लीला 17 नवंबर को होगी। इसके लिए झंडी यात्रा निकालकर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन भी कराया जा चुका है। मेला प्रबंधक रवि शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष भी मेले में दूर दराज से मनमोहक साज सज्जा की दुकानों के साथ सर्कस झूला, मौत का कुआं काला जादू सहित तमाम खेल तमाशे भी लगाए जाएंगे। वृन्दावन की वृज बिहारी आदर्श रामलीला नाट्य मंच द्वारा मंचन किया जाएगा।

### डॉक्टर को जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की छुट्टी कराने को लेकर हुए विवाद में डॉक्टर को धमकी दी गई। सिटी अस्पताल के डॉ. महावीर सिंह लोधी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके अस्पताल में गुफरान बेग नाम का मरीज भर्ती था। जिसकी अस्पताल से छुट्टी कराने को लेकर गुफरान, उसका भाई सलमान बेग ने अभद्रता शुरू कर दी। आरोपियों ने अपने कई साथियों को बुलाकर अस्पताल का घेराव करना शुरू कर दिया। तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते रहे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी, वीडियो वायरल

**गजरौला, अमृत विचार :** एक बार फिर सोशल मीडिया पर निर्माणाधीन सड़क में मानकों की अनदेखी से जुड़ा वीडियो वायरल हुआ है। ये वीडियो रामनगरिया से महुआ संपर्क मार्ग का बताया जा रहा है। जिसमें तीन किमी के हिस्से में मरम्मत कार्य चल रहा है। जिसमें कम डामर और बजरी डालने का भी आरोप लगाया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद खलबली मची रही।

### क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक आज 11 बजे से

**बिलसंडा।** क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक शुक्रवार को ब्लॉक परिसर स्थित अटल सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से होगी। खंड विकास अधिकारी अमित कुमार शुक्ला ने बोर्ड के सभी सदस्यों से बैठक में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

---

### कहीं सीवेज के पानी में भीगी दवाओं का वितरण तो नहीं किया जा रहा

# मेडिकल कॉलेज में मरीज को दी सीलन युक्त टेबलेट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में मरीज को दवा काउंटर पर सीलन युक्त बी कॉम्प्लेक्स की टैबलेट थमा दी गईं। मरीज ने जब स्ट्रिप से टेबलेट निकाली तो पीले रंग के चूर्ण के रूप में दिखी। इसकी शिकायत सीएमएस, सीएमओ एवं औषधि निरीक्षक से की गई है। वहीं, दवा का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठ रहे हैं।

जनपद की 24 लाख की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज में तब्दील कर दिया गया था, ताकि बाहरी जिलों में



स्ट्रिप में टेबलेट की जगह निकला चूर्ण।

इलाज के लिए नहीं दौड़ना पड़े। मगर, यहां दवा देने के नाम पर मरीजों के साथ खेल किया जा रहा है। मामला दो दिन पहले का है। शहर निवासी एक युवक दवा लेने के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचा। जहां पर्चा बनवाने के बाद डॉक्टर से परामर्श लिया। इसके बाद मरीज ने काउंटर पर जाकर दवाएं लीं। दवाओं के साथ बी कॉम्पलेक्स टेबलेट भी दी गई थी। घर पहुंचकर मरीज ने जब अन्य दवाओं के साथ स्ट्रिप से बी कॉम्प्लेक्स टेबलेट निकाली तो पीला चूर्ण निकला। पूरी स्ट्रिप में टेबलेट की जगह चूर्ण था। बताते हैं कि अन्य मरीजों को भी दी गई बी कॉम्प्लेक्स टेबलेट भी इसी तरह की निकली।

इस पर मरीज ने मामले की जानकारी औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य, सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर और सीएमओ डॉ. आलोक कुमार से मामले की। आरोप है कि मरीज की शिकायत का कोई संज्ञान ही नहीं लिया गया। आखिरकार मेडिकल कॉलेज के स्टोर में टेबलेट से चूर्ण में कैसे तब्दील हो गई, अगर दवा नमीयुक्त थी तो उसे मरीजों में क्यों दिया गया। इसको लेकर अफसर भी कोई जवाब नहीं दे रहे हैं।

#### गंदे पानी के बीच से दवा ले जाने का वीडियो हो चुका है वायरल

करीब सप्ताह भर पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक फोटो में एक कर्मचारी सीवेज के पानी से दवाएं लाते हुए नजर आ रहा था। मामला अफसरों तक पहुंचा तो खानापूरी कर दी गई। सवाल है कि कहीं सीवेज का पानी स्टोर रूम में पहुंचने की वजह से दवाओं में सीलन तो नहीं आ रही है, यह भी एक वजह हो सकती है। इतना ही नहीं एमसीएच विंग में भी कई मरीजों की दवाएं खराब निकल चुकी है। मगर, शिकायत न होने के चलते कोई एक्शन नहीं हो सका। हालांकि अफसरों का तर्क है कि एमसीएच विंग के पास सफाई करा दी गई है। मगर सीवेज टैंक आज भी फुल चल रहे हैं, जो कभी भी समस्या खड़ी कर सकते हैं।

> दवा काउंटर पर सीली हुई दवा बांटने का मामला संज्ञान में नहीं है। अगर किसी मरीज को सीली भी दवा मिली है। तो उसे चेक कराया जाएगा। चीफ फार्मासिस्ट को दवाओं का स्टॉक चेक करने के लिए कहा गया है। दवाएं मेडिकल कारपोरेशन से आती है। **- डॉ. रमाकांत सागर सीएमएस पुरुष विंग मेडिकल कॉलेज**

> अभी तक मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। इसे गंभीरता से लेते हुए डॉक्टरों की जांच कमेटी बनाई जाएगी। अगर मेडिकल कॉरपोरेशन से ही दवा गलत आई है तो वहां भी पत्राचार किया जाएगा। **- डॉ. संगीता अनेजा, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज**

---

# अमरिया में धूमधाम से निकाली श्रीराम बरात

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार:** रामलीला मेले के तहत गुरुवार को श्रीराम बरात धूमधाम से निकाली गई। इसकी शुरुआत कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता ने कराई। मनमोहक झांकियां भी सजाई गई।

श्रीराम बरात आंबेडकर नगर से शिव मंदिर, थाना गेट, मीना बाजार, ब्लॉक परिसर समेत कई मार्गों से गुजरी। रास्ते में भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महिलाओं ने अपने घरों के सामने भगवान स्वरूपों की आरती उतारी। बुधवार रात कलाकारों ने धनुष यज्ञ लीला का मंचन किया, जहां भगवान राम ने शिव का धनुष तोड़ा। धनुष टूटते ही सीता ने राम


श्रीराम बरात में शामिल झांकी।

के गले में जयमाला डाली। मंचन के दौरान कलाकारों ने हास्य कार्यक्रम दिखाए। जिसने दर्शकों का मन मोहा। इस मौके पर सुरेश कुमार गुप्ता, श्याम बिहारी गौतम, आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

---


# मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में अचानक लगी आग, भगदड़

### गुरुवार सुबह नौ बजे एमसीबी बॉक्स में शार्ट सर्किट से हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में गुरुवार सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग देखकर ओपीडी में मौजूद मरीजों में भगदड़ मच गई। आनन फानन में वहां लगे फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि हादसे के बाद ओपीडी ब्लॉक को बंद कर दिया। ऐसे हालात में तमाम मरीज बिना इलाज कराए बैरंग लौट गए। यह घटना गुरुवार सुबह नौ बजे की है।

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी ब्लॉक में डॉक्टरों के चैंबर के बाहर मरीजों की कतार लगी थी। तभी अचानक वहां लगे एमसीबी बॉक्स में शॉर्ट सर्किट होने से आग की लपटें निकलने लगीं। अचानक तारों से निकली चिंगारी से आग बढ़ती चली गई।


आग लगनेसे जले बिजली के तार।

आग की लपटें और धुआं देख स्टाफ और मरीजों में भगदड़ मच गई। इसकी सूचना मिलने पर अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। फौरन इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। हालांकि फायर ब्रिगेड के आने से पहले ही आग

- **फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से कुछ ही देर में आग पर पाया गया काबू**

पर काबू पा लिया गया। आग लगने के बाद ओपीडी ब्लॉक में धुंआ भर गया। जिसकी वजह से ओपीडी बंद कर दी गई। फिर दूसरे स्थान पर ओपीडी चालू की गई।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से हादसे के बाद मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया है। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई थी। तत्काल एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

फिलहाल उस ब्लॉक को बंद कराकर वहां मरम्मत कराई जा रही है। इसके बाद वहां ओपीडी चलेगी। वैकल्पिक तौर पर ओपीडी को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया है।

---

# डिप्टी डायरेक्टर ने खाद की दुकानों पर मारा छापा

**पूरनपुर, अमृत विचार:** कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने खाद की दुकानों का निरीक्षण किया। दो दुकानों पर स्टाक में अनियमितताएं पाई गई। दोनों संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं।बता दें कि पूरनपुर क्षेत्र में खाद की दुकानों पर अनियमितताओं की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई थी। इस पर गुरुवार को डिप्टी डायरेक्टर कृषि अभिमन्यु सिंह ने कस्बे में छापेमारी की। उन्होंने एडीओ पंकज कुमार और पीपीओ श्यामनाराण राम के साथ कृभको केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टाक में अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद डीडी ने बंडा रोड पर स्थित विपिन खाद भंडार पर छापेमारी की। यहां उर्वरकों के स्टाक में लापरवाही सामने आई। दवाओं की बिक्री और खरीद के बारे में भी अधिकारियों ने विस्तृत जानकारी ली। अनियमितताएं पाए जाने पर नोटिस दिए गए। एडीओ पंकज कुमार ने बताया कि दोनों दुकानदरों को नोटिस दिए गए हैं। संतोषजनक जबाव न मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी को लेकर खलबली मची रही। कई दुकानों बंद हो गई।

---

# पनीर और मिठाई समेत चार सैंपल लिए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को गजरौला में दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने दो प्रतिष्ठानों से पनीर व रसगुल्ला समेत चार सैंपल लिए।

टीम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दीपावली व अन्य त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग विशेष छापामार अभियान चला रहा है। शुक्रवार को सहायक आयुक्त खाद्य राम अवतार सिंह के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को गजरौला में अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने गजरौला स्थित किंग डेयरी का निरीक्षण किया। संदेह होने पर


गजरौला में एक प्रतिष्ठान में बन रही मिठाई को देखते टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

- **दीपावली पर एफएसडीए चला रहा विशेष छापामार अभियान**

टीम ने यहां छेना रसगुल्ला एवं पनीर का सैंपल लिया।

इसके बाद टीम ने गुप्ता मिष्ठान भंडार से छेना मिठाई और पनीर का नमूना लिया। टीम ने खा सुरक्षा अधिकारी अनन्त स्वरूप, तेज बहादुर सिंह, सतीश कुमार एवं शांतनु कुमार आदि शामिल रहे। सहायक आयुक्त खाद्य राम अवतार सिंह ने बताया कि संग्रहित किए गए सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं।

जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मिलावटी खा पदार्थों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

---

### जमीन हड़पने का विरोध करने पर मारपीट

**पूरनपुर, अमृत विचार:** हजारा क्षेत्र के एक व्यक्ति की ओर से पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें पीड़ित ने बताया कि गांव के उमेश कुमार ने अपने पिता का नाम बदलकर उनका घर और जमीन हड़पने का प्रयास किया। इसको लेकर दर्ज कराए गए वाद में भी उनके पक्ष में फैसला हुआ। आठ मई को दिनेश कुमार जमीन जोतने की तैयारी कर रहा था। इसका विरोध करने पर उमेश कुमार, परमेश, महेश और ज्योति ने घर में घुसकर मारपीट की। बचाने आई पत्नी से भी अश्लील हरकत की गई। नकदी और सोने की चेन लूट ले गए।

---

# सरकारी विद्यालयों में काफी बदलाव हुआ: ब्लॉक प्रमुख


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ पुरस्कृत बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार:** समग्र शिक्षा के तहत ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन एक बरात घर में किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह उर्फ श्याम सिंह रहे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अब काफी सुधार हुआ है।

सरकारी विद्यालयों के भवन, स्कूल ड्रेस, किताबें आदि की सुविधाएं बढ़ी हैं। परिषदीय विद्यालयों के बच्चे अब किसी इंग्लिश मीडियम से कम नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी उमेंद्र दत्त त्रिपाठी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प में विद्यालयों में टाईलीकरण, स्वच्छ जल, दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांग शौचालय आदि की व्यवस्था हुई है। क्विज प्रतियोगिता के विजेता व ब्लॉक के निपुण बच्चों को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र, विज्ञान किट देकर सम्मानित किया। संचालन आरपी प्रवीण शुक्ल ने किया। इस मौके पर डॉ. हरविंदर सिंह, परमिंदर सिंह उर्फ प्रिंस, एआरपी खेमपाल सिंह, दिलीप कुमार रहे।


---

# स्पष्टीकरण की कार्रवाई से हिंदू महासभा असंतुष्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** देवीपुरा गोशाला में मृत गोवंश की दुर्दशा उजागर होने पर बुधवार को डीएम ने निरीक्षण किया था। गोशाला में लापरवाही पाए जाने पर प्रधान और सचिव को दोषी पाते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। मगर, इससे हिंदू महासभा के कार्यकर्ता असंतुष्ट हैं। इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर डीएम संजय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मौजूदा स्टाफ, बीडीओ और प्रधान को वहां से न हटाए जाने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।

अखिल भारत हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा गुरुवार सुबह कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि आसपास के ग्रामीणों से मिल रही शिकायतों के बाद मंगलवार को


डीएम को ज्ञापन देते हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा। ● अमृत विचार

उनकी टीम देवीपुरा गोशाला गई थी। गोशाला में मृत गोवंश ठीक से दफनाए नहीं गए थे। गोवंश के शव को चील कौवे नोच रहे थे। आरोप है कि प्रधान ने कार्यकर्ताओं को धमकाते हुए अभद्रता की थी। गोशाला के कर्मचारियों ने पहले तो गेट खोलने से मना कर दिया। उनका आरोप है कि गोशाला से जुड़े जिम्मेदार ही गोवंश के चारे का पैसा खाने में लगे हैं। इस मामले में प्रधान, बीडीओ, केयरटेकर और सचिव पर तत्काल सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। उनका संगठन पहले भी धरना प्रदर्शन कर चुका है।

- **संगठन जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट जाकर डीएम को सौंपा ज्ञापन**
- **बोले- प्रधान से हटाया जाए कार्यभार, देवीपुरा गोशाला में देखरेख को गठित हो नई टीम**

उस वक्त आश्वस्त किया गया था कि गोशाला में व्यवस्थाएं सुधारी जाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर उनकी मांगे पूरी न हुईं तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधान का गोशाला में जाना बंद कराने की मांग की गई। ये भी कहा कि गोशाला के लिए नई टीम गठित की जाए। जिलाध्यक्ष का कहना है कि ज्ञापन दे दिया गया है। अगर प्रशासनिक स्तर से उनकी मांग नहीं मानी गई तो विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में गौरव शर्मा, आयुष सक्सेना, सुनील कश्यप, सर्वेश कुमार कश्यप, अनिल कुमार, संजीव मिश्रा आदि थे।

---

# आवंटित पट्टों की जांच करने चंदिया हजारा पहुंचे तहसीलदार

संवाददाता, पूरनपुर

- **समाधान दिवस में पांच किसानों को दी गई थी खतौनियां**

**अमृत विचार:** संपूर्ण समाधान दिवस में बीते दिनों डीएम ने पांच किसानों को आवंटित पटटे की खतौनियां सौंपी थी। इनमें अपात्रों को पटटा आवंटित करने की शिकायत की गई। विरोध होने पर तहसीलदार ने गांव पहुंचकर पटटा आवंटन की जांच की। इसमें लापरवाही सामने आई।

शारदा नदी में गत दिनों पहले आई बाढ़ में दर्जनों किसानों की भूमि समा गई थी। कटान के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कटान पीड़ितों का हाल जाना था। ग्रामीणों ने जमीन नदी में समाने की समस्या बताते हुए पटटा आवंटित करने की मांग की थी। बीते शनिवार को तहसील में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान और डीएम संजय कुमार सिंह ने चंदिया हजारा के पांच किसानों को पटटा आवंटित करते हुए खतौनियां सौंपी। जानकारी लगने के बाद पात्रों ने विरोध किया। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने मिलीभगत के चलते पात्रों को वंचित कर अपात्रों के नाम पटटा आवंटित करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। गुरुवार को तहसीलदार वीरेंद्र कुमार जांच के लिए चंदिया हजारा गांव पहुंचे। उन्होंने पंचायत भवन में पटटा आवंटन प्रकिया की जांच की। इसमें अपात्र को पटटे का लाभ देने की बात सामने आई। तहसीलदार इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को देंगे। उसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। तहसीलदार वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाई गई है।

---

# बरखेड़ा ब्लॉक को निपुण बनाने पर दिया जोर



कार्यशाला में मौजूद बरखेड़ा विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** कस्बा स्थित बीआरसी केंद्र पर गुरुवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद रहे। उन्होंने ब्लॉक बरखेड़ा को सबसे पहले निपुण बनाने का आव्हान भी किया।

आरपी देवेंद्र पाल सिंह ने डीबीटी पर विस्तार से ब्लॉक की प्रगति पर चर्चा की। एआरपी ज्ञान प्रकाश ने प्रबंध समिति के गठन एवं उसके कार्य पर प्रस्तुतीकरण किया। खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने ऑपरेशन कायाकल्प में छूटे हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने, छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, नवंबर 2024 की नेट परीक्षा में शत प्रतिशत छात्रों को शामिल कराने, सभी कक्षाओं को दिसंबर तक निपुण बनाने पर जोर दिया। पिपरिया मंडन के प्रधान पति अमित कुमार गुप्ता ने भी विचार रखे। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व जूनियर हाई स्कूल बरखेड़ा के बच्चों के द्वारा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

---

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बिखेरी छटा, झूम उठे दर्शक

संवाददाता, मझोला

- **तीन दिवसीय मझोला महोत्सव का समापन, मुख्य अतिथि बरेली के मेयर उमेश गौतम रहे**

**अमृत विचार:** तीन दिवसीय मझोला महोत्सव का बुधवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। कई ग्रुपों के सदस्यों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरेली के मेयर उमेश गौतम रहे।


मझोला महोत्सव के अंतिम दिन बुधवार रात बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। मुख्य अतिथि बरेली नगर निगम के मेयर उमेश गौतम, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, शाहजहांपुर के विधायक अरविंद सिंह, पूर्व जिला प्रभारी पूरनलाल लोधी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए और दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि मेयर बरेली ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से संस्कृति लोगों तक पहुंचती है। इससे मझोला का विकास भी होगा। आयोजन को लेकर चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह की सराहना की गई।

इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता, एकल डांस ग्रुप किया गया। इसके प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बुधवार रात एक बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम चले। अंत में लकी ड्रा किया गया। इस मौके पर योगेश बड़गोती, विकास अग्रवाल, अरुण कुमार सिंह, एसके पब्लिक स्कूल के प्रबंधक जगजीत सिंह जग्गू, राजेंद्र सिंह, जीनियस एकेडमी के प्रबंधक सुखविंदर सिंह, आदर्श एकेडमी के प्रबंधक गुरपाल सिंह, चरनजीत सिंह, परमवीर सिंह पैरी आदि का अभिनंदन किया गया। चेयरमैन ने कहा कि अगले वर्ष और बेहतर तरीके से मझोला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।


मझोला उत्सव के समापन अवसर पर दर्शकों को संबोधित करते मुख्य अतिथि बरेली के मेयर उमेश गौतम। ● अमृत विचार


मझोला महोत्सव के ग्रुप डांस प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

---

दसवां
अनादि निधनो देवः शंखचक्रगदाधरः ।
अक्षयः पुण्डरीकाक्षः प्रेतमोक्ष प्रदोभवः ।।

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य
श्री योगेन्द्र कुमार गुप्ता जी
(वरिष्ठ अधिवक्ता)
शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024 को वैकुण्ठ धाम को प्रस्थान कर गये हैं।
दसवां, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 को सायं 03 से 04 बजे
बाबा रामस्वरूप बाग निकट बी.बी.एल. स्कूल, बरेली
पर होना निश्चित हुआ है
शोकाकुल परिवार
श्रीमती सावित्री देवी (धर्म पत्नी)
महेश चन्द्र अग्रवाल (बहनोई)
एड. नितिन कुमार गुप्ता-रेनू (पुत्र-पुत्रवधू)
एड. मिलन कुमार गुप्ता-भारती (पुत्र-पुत्रवधू)
श्रीमती नीता मित्तल (पुत्री)
डा. मीता अग्रवाल-डा. नरेश अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
एड. सचिन अग्रवाल-अल्पना (भांजा-भांजावधू)
डा. तरूण गुप्ता-नेहा (पौत्र-पौत्रवधू)
एड. सिद्धांत गुप्ता-एड. नेहा (पौत्र-पौत्रवधू)
इं. तन्वी गुप्ता-इं. लक्षित गौड़ (पौत्री-पौत्री दामाद)
डा. अनुष्का गुप्ता-डा. अनुराग अग्रवाल (पौत्री-पौत्री दामाद)
इं. जूही अग्रवाल-इं. ऋषभ (पौत्री-पौत्री दामाद)
स्नेहा मित्तल, अमृता मित्तल (नातिन)
डा. अनुराग अग्रवाल (नाती)
आरूष, रूद्रांश, शिवान्या, मिराया, पिवल, शर्विल (परपौत्र-परपौत्री)
एवं समस्त परिवारजन

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

| 33⁰ | 21⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.18 | सूर्यास्त 05.31 |

### रंजिशन महिला को पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिवाली में पुरानी रंजिश में सुनीता देवी पत्नी कन्हई लाल राठौर की पिटाई कर दी। महिला ने पड़ोस के ही नत्थूलाल, सत्यपाल, अरविंद, आरती देवी पर हमला करने का आरोप लगाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## 201 प्वाइंटों पर लगाए जाएंगे ट्रेप कैमरे, प्रथम चरण में तीन रेंजों में किया जाएगा गणना का कार्य

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आज से शुरू होगी बाघों की गिनती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में शुक्रवार से बाघों की गिनती शुरू होगी। प्रथम चरण में तीन रेंजों में 201 निर्धारित प्वांइटों पर ट्रेप कैमरे लगाकर बाघ की गणना का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके लिए पीटीआर प्रशासन एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने देर शाम तैयारियां पूरी कर ली।



पीटीआर में विचरण करते बाघ। ● अमृत विचार

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 72 से अधिक बाघ है। एनटीसीए के निर्देश पर सभी टाइगर रिजर्वों में हर चार साल बाद बाघ गणना कराई जाती है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा भी फेज - 4 के तहत हर दो साल में बाघ गणना कराई जाती है। इसके आंकड़े टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा एनटीसीए को भेजे जाते हैं। इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इस बार 25 अक्टूबर से बाघ गणना शुरू कराने निर्णय लिया गया था। इसको लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ पिछले कई दिनों से तैयारियों में लगा हुआ था। बाघ गणना के दौरान लगाए जाने वाले ट्रेप कैमरे, टॉर्च, ताला, बैटरी, एसडी कार्ड समेत अन्य संसाधनों जुटाए गए। बाघ गणना को लेकर बीते 16 अक्टूबर को रेंज कर्मियों को प्रशिक्षित भी किया जा चुका है। इधर पीटीआर प्रशासन एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ द्वारा शुक्रवार से शुरू होने वाली बाघ गणना को लेकर गुरुवार देर शाम तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

### 402 ट्रेप कैमरे लगाकर की जाएगी बाघों की गणना

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सभी पांच रेंजों में बाघ गणना दो चरणों में संपन्न कराई जाएगी। प्रथम चरण में दियूरिया, माला एवं महोफ रेंज में बाघों की गिनती की जाएगी। वन अफसरों के मुताबिक इसको लेकर तीनों रेंज में निर्धारित 201 प्वांइटों पर 402 कैमरे लगाए जाएंगें। शुक्रवार सुबह बीट वाइज ट्रेप कैमरे लगाने का काम शुरू किया जाएगा। वन अफसरों की मानें तो पहले दो दिन में ट्रेप कैमरे लगाने का काम किया जाएगा। इसके बाद गणना की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

> पीटीआर में बाघ गणना की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। शुक्रवार से प्रथम चरण में तीन रेंजों में बाघ गणना का कार्य शुरू होगा। संबंधितों को दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। **- मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व**

### फील्ड डायरेक्टर ने तैयारियों का जायजा लिया



**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ने वन अफसरों के साथ पीटीआर पहुंचकर पर्यटन सत्र से संबंधित चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चूका बीच समेत सफारी मार्गों को देखा और अफसरों को गुणवत्तापरक कार्य कराने के निर्देश दिए। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र छह नवंबर से शुरू होने को है। शासन से पर्यटन सत्र को लेकर हरी झंडी मिलने के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन संबंधी कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। वन अफसरों की देखरेख में महोफ रेंज स्थित ईको टूरिज्म स्पॉट चूका, बराही रेंज स्थित सप्त सरोवर की साफ-सफाई कराने के साथ यहां बनी हटों पर रंग-रोगन कर उन्हें आकर्षक रूप देने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही जंगल सफारी मार्गों की भी साफ-सफाई के साथ उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है। इधर फील्ड डायरेक्टर विजय सिंह ने गुरुवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचकर पर्यटन सत्र संबंधित चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इको टूरिज्म स्पाट चूका बीच पर चल रहे कार्यों का गहनता से देखा और डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने चल रहे कार्यों के सबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने सफारी मार्गों की भी स्थिति देखी और डिप्टी डायरेक्टर को गुणवत्तापरक कार्य कराते हुए समयावधि में कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महोफ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

# कुछ दुकानों के चालान किए, फिर चेतावनी देकर लौट गए अधिकारी

## अतिक्रमण विरोधी अभियानः नगर पालिका को दी गई निगरानी की जिम्मेदारी, सुनगढ़ी तिराहा से छीपीयान चौराहा तक घूमी टीमें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** त्योहारी सीजन में अतिक्रमण की जद में आई शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कई बार प्लानिंग बनीं, लेकिन धरातल पर उतारी नहीं जा सकी। गुरुवार को भी कुछ ऐसा ही नजारा सामने आया। दिनभर तमाम दावे किए जाते रहे, और फिर टालमटोल भी हुई। अंत में प्रशासन, नगरपालिका और पुलिस की टीम अतिक्रमण हटाने को सड़कों पर उतरी, लेकिन जो कयास लगाए जा रहे थे, वो सच साबित हो गए। अफसर घूमे और कुछ दुकानों के बोर्ड आदि हटवाकर अभियान के नाम पर औपचारिकता निभाई। अतिक्रमण करने वाले लोगों को चेतावनी देने के बाद अफसर लौट गए। कुछ मिनट बाद ही बाजार में दुकानें जस की तस लग गईं।

शहर की मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण की भरमार है। लंबे समय से इसको हटवाने के लिए प्लानिंग बनाई गई। अधिकारियों ने दावे तो खूब किए लेकिन अभियान चले ही नहीं या फिर धरातल पर कुछ कदम पर ही स्थगित करना पड़ गया। पिछले कुछ दिनों से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने को लेकर तैयारियां तेज थी। मगर, अभियान की शुरुआत ही नहीं हो सकी। गुरुवार को डीएम संजय कुमार के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने अतिक्रमण अभियान की कमान संभाली। दिन भर तो रणनीति बनाने में ही बीत गया। चर्चा ये भी रही कि नगर पालिका के स्तर से त्योहारी सीजन में अभियान चलाए जाने पर पीछे हट रही थी। शाम करीब छह बजे सिटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में ईओ लाल चंद भारती, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, सुनगढ़ी और कोतवाली पुलिस सुनगढ़ी तिराहे पर एकत्र हुई।



चावला चौराहे के पास अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदार को समझाते सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर।



नीबू बाजार में जूस काउंटर हटवाते सिटी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

इसके बाद अभियान को शुरू करा दिया गया। इसकी भनक लगते ही अतिक्रमण कारियों में खलबली मच गई। सुनगढ़ी तिराहा से अभियान शुरू किया गया और छीपीयान चौराहा तक पहुंचा। सिटी मजिस्ट्रेट कुछ सख्त भी हुए। कुछ दुकानदारों को सख्ती करते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया गया। कुछ दुकानदारों से नोकझोंक भी हुई। पुलिस और नगरपालिका की टीम ने चावला चौराहा के पास कई दुकानों के बोर्ड समेत फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त भी किया। विशाल टॉकीज के पास सड़क पर रिपेयरिंग का कार्य कर रहे एक दुकानदार का पांच हजार का चालान करने के निर्देश दिए। बाजार में लोगों ने स्वयं ही अपनी दुकानें हटाना शुरु कर दी। वहीं नींबू मंडी में भी सड़क से ठेले आदि लेकर अतिक्रमणकारी चले गए। लक्ष्मी टॉकीज के पास रेडीमेड शोरुम वालों ने नाले की जगह पर पक्का निर्माण कराकर अतिक्रमण किया हुआ था। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने तुड़वाने के निर्देश दिए। इस पर इन दुकानदारों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। कई दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। अंत में ड्रमंडगंज चौराहा पर जाकर अभियान समाप्त हो गया।



अभियान चलता देख स्वयं काउंटर हटाता दुकानदार। ● अमृत विचार

### ईओ को दिए गए निर्देश

अभियान के दौरान भले ही अफसर कुछ सख्त रहे लेकिन इसका असर चंद मिनट तक ही सीमित रहा। बाद में हालात जस के तस होने में देर नहीं लगी। इतना जरूर सिटी मजिस्ट्रेट ने ईओ को निर्देश दिए कि वह इन सभी दुकानदारों के खिलाफ चालान की कार्रवाई कर फाइल प्रेषित करें। साथ ही त्योहारी सीजन तक टीम बनाकर इसकी निगरानी कराएं। अगर दोबारा अतिक्रमण मिले तो सख्त कार्रवाई करते हुए सामान जब्तीकरण की कार्रवाई करें।

> त्योहार का समय है। बाजार में भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में सड़क के बाहर रखा सामान से जाम की स्थिति बन रही है। इसलिए अभियान चलाकर चेतावनी दी गई है। कई लोगों के चालान की कार्रवाई कराई गई। नगर पालिका को निर्देश दिए गए हैं कि वह टीम बनाकर निगरानी कराए। अगर दोबारा अतिक्रमण होगा तो सामान जब्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। **- विजय वर्धन तोमर, सिटी मजिस्ट्रेट**

### पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। आरोप है कि नंदोई ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 23 जनवरी 2023 को सदर कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति से हुई थी। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। कम दहेज का ताना देकर परेशान करते थे। नंदोई उसके साथ छेड़छाड़ करता था। एक लाख रुपये और सोने की चेन की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई। 24 अगस्त की शाम घर से निकाल दिया। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक को पीटकर किया घायल, हालत गंभीर

**बीसलपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर हीरा निवासी बाबूराम के पुत्र संतराम ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब बारह बजे वह गांव के बाहर खड़े थे। गांव के ही व्यक्ति ने आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला कर दिया। सिर में किसी भारी चीज से वार करके लहूलुहान कर दिया।

## एक नजर

### बाइक सवार की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। गांव गुलड़िया राधे के रहने वाले धनपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र अनिल कुमार अपने साथी चंद्रसेन के साथ 19 अक्टूबर को मानपुर गांव से घर लौट रहा था। बड़ागांव चौराहे के पास इको चालक अपनी गाड़ी को सड़क पर खड़ा करके चला गया। इस दौरान बाइक ईको से टकरा गई। हादसे में बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने ईको चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### कार चालक के खिलाफ एफआईआर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम रोहनिया निवासी गुड्डू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 अक्टूबर को उसकी पत्नी हेमवती घर से बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग के नीचे मिट्टी लेने गई थी। मिट्टी लेकर सड़क पर पहुंची ही थी कि निगोही की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गई। लोगों के जमा होने पर कार चालक घायल को सीएचसी लाया और फिर वहां छोड़कर भाग गया। पुलिस ने मामले में कार नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद पुलिस ने अलग-अलग मुकदमों में न्यायालय द्वारा जारी किए गए वारंट में तीन आरोपियों फुरकान पुत्र मोहम्मद उमर निवासी सरदार नगर, योगेश पुत्र प्यारे और प्यारे पुत्र तेजराम निवासी ग्राम नवादा श्यामपुर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि तीनों वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### घर के बाहर से स्कूटी ले गए चोर, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के टनकपुर रोड स्थित बीएसएनएल कॉलोनी निवासी जेटीओ मनोज कुमार वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 अक्टूबर को जिला अस्पताल से वापस आए थे। इसके बाद स्कूटी अपने आवास के बाहर खड़ी कर दी थी। जिसे कोई चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# घोटाले से घबराए जिम्मेदार सुस्त पड़ी मुआवजे की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सिटी मजिस्ट्रेट ने अमरिया पहुंचकर अधीनस्थ अफसरों व कर्मचारियों के संग की बैठक
- स्थानीय किसानों को मुआवजा देने की जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

**अमृत विचारः** बरेली-पीलीभीत-सितारगंज प्रस्तावित हाईवे की सुस्त पड़ी मुआवजा प्रक्रिया अब तेजी से शुरू हो जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट ने अमरिया तहसील पहुंचकर अफसर-कर्मचारियों की बैठक ली और उन्हें स्थानीय किसानों की पत्रावलियों को भेजने के निर्देश दिए।

बरेली-पीलीभीत-सितारगंज प्रस्तावित हाईवे को लेकर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू की गई थी। भूमि अधिग्रहण पूरा हो पाता कि इस बीच हाईवे के भूमि अधिग्रहण और परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में फर्जीवाड़ा सामने आ गया। घोटाला सामने आने के बाद मंडलस्तर पर जांच की गई। दो स्तरों पर हुई जांच के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी गई। जांच में जनपद के सात लेखपाल और एक अमीन भी दोषी पाए गए। इधर जांच पूरी होने के बाद मंडल स्तर से अधिग्रहण संबंधी सभी दस्तावेज भी एसएलओ कार्यालय वापस भेज दिए गए। इधर दस्तावेज वापस आने के बाद कृषि भूमि संबंधी मुआवजे तत्काल देने और स्ट्रक्चर संबंधी मुआवजे जांच के बाद ही देने का निर्णय लिया। इधर, उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद भी मुआवजा प्रक्रिया तेजी नहीं पकड़ पा रही है। बताते है कि पूर्व में घोटाले का डर और तहसीलदार एवं एसडीएम के स्थानांतरण के चलते प्रक्रिया रफ्तार नहीं पकड़ पा रही थी। इस पर विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी विजय वर्धन तोमर ने अमरिया पहुंचकर एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित लेखपालों संग बैठक की और उन्हें मुआवजा संबंधी प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने स्थानीय किसानों को मुआवजा देने संबंधी प्रक्रिया संचालित करने के निर्देश दिए।

> अधिकारियों के ट्रांसफर और उनके स्थान पर नए अधिकारियों की तैनाती के चलते कुछ दिक्कतें सामने आ रही थीं। बैठक में स्थिति को स्पष्ट किया गया। अब मुआवजा प्रक्रिया तेजी से शुरू की जाएगी। **- विजय वर्धन तोमर विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी**

# एक रात में चार घरों से नगदी-जेवर समेट ले गए चोर

संवाददाता, बरखेड़ा

- एक मकान में ताले पड़े थे, तीन में सोते रहे परिवार वाले
- बरखेड़ा पुलिस ने मौका मुआयना कर जुटाई जानकारी

**अमृत विचारः** पुलिस चोरी की पुरानी घटनाओं का खुलासा कर नहीं सकी कि बुधवार रात दो गांवों के चार मकानों में घुसे चोर लाखों के नगदी जेवर उड़ा ले गए। इनमें एक मकान में ताले पड़े थे, जबकि तीन मकानों में परिवार के सदस्य सोते रह गए। गुरुवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कोकिली के रहने वाले रामदेव मिश्रा बरखेड़ा चीनी मिल में सिक्योरिटी गार्ड हैं। वैसे तो सुरक्षा की दृष्टि मकान हर तरफ से बंद है। मेनगेट के ऊपर रोशनदान बना है। जिसमें लकड़ी की फंटियां लगी थीं। बुधवार रात चोर रोशनदान से लकड़ी की फंटिया हटाकर रामदेव के मकान में घुस गए। घर में रामदेव मिश्रा अपने पुत्र अंबुज के साथ सो रहे थे।


इस दौरान चोरों ने कमरे में रखे बड़े बक्शे अंदर से छोटा बक्शा निकालकर ले गए। रामदेव के घर से चोर 10 हजार रुपये व जेवरों समेत चार लाख का माल समेटकर ले गए। सुबह करीब चार बजे परिवार के लोग जागे तो घटना का पता चला। तलाशने पर खाली बक्शा घर से कुछ दूरी पर पड़ा मिला। वहीं, आधा किमी की दूरी पर स्थित कोकिला गांव के तीन मकानों में चोरी की घटना हुई। यहां के रहने वाले लीलाधर के मकान में ताले पड़े थे। वह परिवार समेत हरियाणा गए हुए थे।



चोरी की घटना के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान।

गुरुवार सुबह आसपास के लोगों ने उनके घर में सामान बिखरा पड़ा देखा। उनके भाई केदारनाथ का मकान भी चोरों ने निशाने पर लिया। वह घर पर नहीं थे। पत्नी गुड्डी देवी तीन साल के बेटे देव के साथ सो रही थी। जबकि बेटी राजदुलारी, काजल, नामेश्वरी, आशा ऊपर बने कमरे में सो रही थी। देर रात चोर मकान में घुसे और यहां से दो हजार रुपये व 40 हजार के जेवरात चोरी कर ले गए। इसी गांव के ही राकेश कुमार के मकान में भी चोर घुसे। परिवार वाले बरामदे में सो रहे थे। यहां से चोर अलमारी में रखे करीब डेढ़ लाख के जेवरात चोरी कर ले गए। गुरुवार सुबह घटना का पता चलते ही आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। पूर्व की घटनाओं की भांति मौका मुआयना कर जानकारी की गई। इसके बाद जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। हालांकि कोई खास क्लू पुलिस अभी तक नहीं जुटा सकी है।

> चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। घटना की जानकारी की गई है। पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई कराई जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। **- मुकेश शुक्ला, इंस्पेक्टर बरखेड़ा**



ग्राम कोकिली में सिक्योरिटी गार्ड के घर इसी रास्ते से घुसे थे चोर।

### सीसी टीवी फुटेज में दिखा संदिग्ध

पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जानकारी जुटाई। इस दौरान ग्राम कोकिली में एक स्थान पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए गए। जिसमें करीब पौने चार बजे एक संदिग्ध आते जाते दिखा। इसे लेकर पुलिस पड़ताल कर रही है।

### कारखाने में चोरी, सीसीटीवी की मदद से पकड़ा चोर

- कोतवाली क्षेत्र के एकता नगर कॉलोनी में हुई वारदात

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कारखाने में चोरी करने के इरादे से घुसे युवक की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कारखाना मालिक ने आसपास के लोगों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेने के साथ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र की सनराइज कॉलोनी निवासी राजीव कुमार गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका एकता नगर कॉलोनी में स्टील अलमारी व फोल्डिंग बनाने का कारखाना है। 22 अक्टूबर की शाम को वह कारखाना बंद करने के बाद घर चले गए। अगले दिन मंगलवार होने के कारण कारखाना बंद रहा। इसी दौरान चोर कारखाने में दाखिल हो गए। जिसमें लोहे की पटरी 60 किग्रा, हथौड़े, लोहे की अलमारी के फर्मे, लोहे की कतरन, एंगिल आदि चोरी कर ले गए। उसके कारखाना मालिक ने सीसीटीवी कैमरे में चेक किया तो उसमें एक युवक दिखा। उसे आसपास के लोगों की मदद से पहचान करने के बाद पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम विशाल और अपने साथी का नाम विकास बताया। कोतवाली पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

# चार लुटेरों को पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** बाइक सवार युवकों से लूटपाट करने वाले कार सवार बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए। आरोपियों से लूटी गई नकदी और मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। चारों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया है।

थाना घुंघचाई के गांव सिमरिया ताल्लुके अजीतपुर बिल्हा निवासी आशीष, आकाश शर्मा और आकाश कुशवाहा 14 अक्टूबर को पूरनपुर आए थे। देर रात तीनों बाइक से पूरनपुर से वापस घर जा रहे थे। बंडा रोड पर शाहबाजपुर के पास तीनों को कार सवार चार बदमाशों ने रोका और असलहा के बल पर धमकाते हुए 2700 रुपये और दो मोबाइल लूट लिए थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

आरोपियों ने चोरी की बाइक चलाने की बात कहकर धमकाना शुरू किया था। पुलिस ने मामले में सुरागरसी के बाद आरोपी मोहल्ला रजागंज देहात निवासी इलियास, सुहेब, अरमान रजा और सुमायल उर्फ बंटू को गिरफ्तार किया। लूटे गए दो मोबाइल, 1210 रुपये, स्मार्ट वॉच बरामद की गई। घटना में इस्तेमाल कार भी पुलिस ने कब्जे में ली। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि लूट करने वाले चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### कोर्ट के आदेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गांव आमडार की उर्मिला देवी पत्नी नत्थूलाल की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें बताया है कि करीब चार माह पूर्व उसने पित्त की थैली का ऑपरेशन पीलीभीत एक अस्पताल में कराया था। उसके पेट में काफी टांके आए थे। 24 सितंबर की शाम पांच बजे वह अपने घर पर अकेली थी। इस बीच गांव का डोरीलाल, मीरा देवी, राजकुमारी व उर्मिला देवी घर के बाहर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। गले में पड़ा सोने का लॉकेट टूट कर गिर गया। पुलिस ने उस वक्त सुनवाई नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

# शॉपिंग काम्पलेक्स कंप्लीट, जांच शुरू

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** नगर के कमल पार्क तिराहे के समीप नगर पंचायत प्रशासन द्वारा जिस जगह पर शॉपिंग काम्पलेक्स का निर्माण कराया गया, उसका स्वामित्व जिला पंचायत का करार देते हुए बसपा नेता ने शिकायत की। शिकायत पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

नगर पंचायत ने कमल पार्क तिराहे के समीप उत्तर दिशा में शॉपिंग काम्पलेक्स का निर्माण कराया है। इसके दोनों तरफ पहले से नगर पंचायत की दर्जन भर दुकानें बनी हैं। जल निकासी के लिए बने नाले के आगे हुए निर्माण को अवैध करार देते हुए बसपा नेता ने शिकायत की। इस जगह पर जिला पंचायत का स्वामित्व होना बताया गया। जबकि नगर पंचायत प्रशासन ने उस जगह को अपना बताते हुए शॉपिंग काम्पलेक्स बनवाने की बात कही। शॉपिंग कांप्लेक्स बनकर तैयार हो चुका है। शटर भी लग गए हैं। अब सिर्फ शॉपिंग कांप्लेक्स को किराए पर देने के बाबत प्रकिया पूरी होना शेष है।



टीम के साथ मौके पर जांच करते एसडीएम बीसलपुर। ● अमृत विचार

- बसपा नेता और जिला पंचायत कर्मियों की मौजूदगी में हुई नापजोख

# अर्थ की अंधी दौड़ में संस्कार व संस्कृति को भूल रहे हम

## उपाधि महाविद्यालय की ओर से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित, अग्रवाल सभा भवन में हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** साहित्यकार एवं हिन्दी साहित्य भारती के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शुक्ला ने कहा कि हम संस्कारों को भूल गए हैं। अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। यही वजह है कि आज संकट की स्थिति पैदा हो रही है। सनातन संस्कृति और आचार विचार के स्थान पर अर्थ की अंधी दौड़ में शामिल हो चुके हैं, जो पतन की ओर अग्रसर कर रहा है। उन्होंने ये बातें शहर के अग्रवाल सभा भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में कही।

उपाधि महाविद्यालय की ओर से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। ये संगोष्ठी बच्चों एवं विद्यार्थियों में निवेश, सतत आर्थिक विकास की नींव विषय पर हुई। पहले दिन गुरुवार को साहित्य भारती के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शुक्ल ने कहा कि अंग्रेजों के आगमन के बाद षड़यंत्र पूर्वक तरीके से हमारी संस्कृति और भाषा को नष्ट करने के प्रयास हुए। हाल ही में प्रकाशित एक पुस्तक में कहा गया है कि अंग्रेजों के आने से पूर्व हमारे सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी विश्व में 30 प्रतिशत थी। अंग्रेजों के आने के बाद जीडीपी 1800 में 12 प्रतिशत रह गई। वर्तमान में यह घटकर सात प्रतिशत रह गई। बच्चों में संस्कारों का निवेश करें, ताकि एक बेहतर मनुष्य का निर्माण हो सके।मुख्य अतिथि नेपाल की नोबल एकडेमी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वेश्वर आचार्य ने कहा कि उनको आज के दिन आस्ट्रेलिया में एक कार्यक्रम में जाना था, लेकिन उन्हें पीलीभीत आना श्रेयस्कर लगा। चूंकि उनको यहां बहुत कुछ सीखने को मिला। बताया कि उन्होंने उपाधि महाविद्यालय के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके दूरगामी परिणाम निकलेंगे। रुहेलखंड विश्व विद्यालय के प्रबंधन विभाग के डॉ. पीपी सिंह ने कहा कि अभी हाल में भारत ने जी-20 समिट की अंतिम बैठक भोपाल में युवाओं को नई दिशा देने के लिए विचार विनिमय किया गया था। उन्होंने कहा कि 70 लाख बच्चे पांच वर्ष की आयु ही पूर्ण नहीं कर पाते हैं। बीस लाख बच्चे स्वास्थ्य दृष्टि से कमजोर होने के कारण मुख्य धारा से बाहर हो जाते हैं। 48.6 करोड़ बच्चे पढ़ाई से बाहर हो जाते हैं। 14 साल के ढ़ाई करोड़ बच्चों को उनकी आवश्यकता को पूर्ण करने की आवश्यकता है। भारत दुनिया में साठ प्रतिशत से युवाओं का देश है। इनको समझने और उनमें निवेश की आवश्यकता है। उधर, उपाधि महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवओम अग्रवाल, प्रबंध सचिव मुरली मनोहर अग्रवाल ने स्वरोजगार पैदा करने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्राचार्य दुष्यंत कुमार ने स्वागत भाषण दिया। संयोजक प्रो. विनय कुमार गर्ग ने संगोष्ठी के विषय पर संक्षिप्त चर्चा की। संचालन डॉ.अमित कुमार ने किया।



अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।
● अमृत विचार

### तीन सूत्रों से बदलिए जीवन की दिशा

किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली के प्रोफेसर पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि एक सर्वे में बताया है कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे पढ़ना नहीं जानते है, जो भयावह स्थिति है। तीन सूत्रों के जरिये बच्चों के जीवन की दिशा को बदला जा सकता है। पहला जो भी कार्य करें मन लगाकर करें, दूसरा जो भी काम मिले उसे छोटा न समझें और तीसरा हमें जो भी कार्य मिले उससे भागना नहीं है। अच्छा चरित्र आपकी संपत्ति है। हंसराज कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर रजनीकांत शुक्ल ने कहा कि पांच साल की उम्र तक हम बच्चों को जो संस्कार दे सकते है, उन्हें दे दें। भाषा का संस्कार भी हम भूल गए हैं। इसके चलते समाज के प्रति अपने दायित्व को भूल गए हैं। चंदौसी के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पीके अग्रवाल ने कहा कि हम आज बच्चों के लिए बीस हजार की ट्यूशन फीस तो दे रहे है, लेकिन वे क्या कर रहे और किस दिशा में जा रहे है। उस पर ध्यान नहीं देते।


नगर पालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल को पुरस्कृत करते आयोजक व अतिथि।

### कार्यक्रम में ये किए गए सम्मानित

**पीलीभीत।** कार्यक्रम के पहले दिन डॉ. दीपक गंगवार, प्रो. पुष्पेंद्र कुमार को केएस अययर वाणिज्य गौरव सम्मान, डॉ. आस्था अग्रवाल, शिवओम अग्रवाल, मुरली मनोहर अग्रवाल को पीलीभीत गौरव सम्मान, प्रो. रजनीकांत शुक्ला, नागेश पांडेय संजय को राष्ट्र गौरव सम्मान, डॉ. रविंद्र शुक्ला को राष्ट्र गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके अलावा संगोष्ठी के जनरल के आवरण पृष्ठ एवं डॉ. वर्षा सक्सेना की अंग्रेजी पुस्तक न्यूट्रेशन एंड हाइजीन का अतिथियों ने विमोचन किया। जनरल का प्रकाशन दिसंबर माह में किया जाएगा। इसमें संगोष्ठी में पढ़े जाने वाले शोधपत्रों को प्रकाशित किया जाएगा।

### जीवन जीने की शैली सिखाती है गीता

**पीलीभीत।** अतिविशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने भी विचार रखे। कहा कि बच्चों में निवेश करना है तो उनमें संस्कार का निवेश करें। आज हम सभी चाहते है उनका बच्चा पढ़ लिखकर डाक्टर इंजीनियर और प्रोफेसर बने, लेकिन हम उनमें अच्छे मानव के संस्कार नहीं दे रहे है। रामचरित मानस से हम परिवार के बारे में जानते है। महाभारत में हम अपने लिए अधिक चाहने की कामना के दुष्परिणाम के विषय में जानते है, जबकि गीता हमें जीवन जीने की शैली सिखाती है।

### कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत,अमृत विचार :** पांच माह पहले हुई मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में मोहल्ला कुंवरगढ़ के बनवारी लाल ने बताया कि छह जून 2024 को वह एक मुकदमे को लेकर कोर्ट गए थे। इस दौरान उसकी पत्नी मोहल्ला देशनगर निवासी सरोज, साले जय सिंह उर्फ जैकी ने घेरकर पिटाई कर दी।

# मंडलीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे छह छात्र व दस शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- लखनऊ में विज्ञान मेला और उन्नाव में लगेगी टीएलएम प्रदर्शनी

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत मंडलीय विज्ञान मेला छह नवंबर को लखनऊ में लगेगा। जबकि टीएलएम यानि टीचर लर्निंग मैथड प्रदर्शनी अन्नाव में होनी प्रस्तावित है। इन दोनों में जिला स्तरीय विज्ञान मेला और टीएलएम प्रदर्शनी के विजेता छह छात्र और दस शिक्षक हिस्सा लेंगे।

समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक विजय कुमार ने बताया कि 21 अगस्त को राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर में विज्ञान मेला व टीएलएम प्रदर्शनी लगी थी। जिला स्तरीय विज्ञान मेले में सीनियर एवं जूनियर वर्ग से छह छात्रों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि टीएलएम प्रदर्शनी में दस विषयों के दस शिक्षक विजेताओं का चयन मंडलीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि विजेताओं के खातों में भेज दी गई है। साथ ही बताया कि इनमें से छह छात्र और दस शिक्षकों का चयन मंडलीय विज्ञान मेला एवं टीएलएम प्रदर्शनी के लिए हुआ है। विज्ञान मेला छह नवंबर को लखनऊ में लगेगा और टीएमएल प्रदर्शनी का आयोजन उन्नाव में होना प्रस्तावित है।

> जिला स्तरीय विज्ञान मेला एवं टीएलएम प्रदर्शनी के विजेताओं के खातों में पुरस्कार की राशि भेजी जा चुकी है। अब यह विजेता मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। मंडलीय टीएलएम प्रदर्शनी की तिथि अभी घोषित नहीं हुई है।
> –**डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह,** डीआईओएस

**सीनियर वर्ग**

| छात्र | विद्यालय | स्थान | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|
| दिव्यांशी गुप्ता | आर्य कन्या इंटर कॉलेज | प्रथम | 4000 रुपये |
| दीप्ति मिश्रा | जीजीआईसी | द्वितीय | 3000 रुपये |
| अंशुल वर्मा | जीआईसी | तृतीय | 2000 रुपये |

**जूनियर वर्ग**

| छात्र | विद्यालय | स्थान | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|
| अवशेष कुमार | श्रीजवाहर उमा विद्यालय केवलपुरवा | प्रथम | 4000 रुपये |
| मुराद | राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर | द्वितीय | 3000 रुपये |
| प्रगति शर्मा | पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज सीबीएसई बोर्ड | तृतीय | 2000 रुपये |

# ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट का मिला लाइसेंस

## जिला अस्पताल में दो साल से धूल फांक रही थी ब्लड बैंक में रखीं संबंधित मशीनें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में करीब दो साल के लंबे इंतजार के बाद ब्लड बैंक को ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट का लाइसेंस मिल गया है। तैयारियों को देखकर उम्मीद है कि नवंबर माह में मरीजों को सेपरेटेड यूनिट का लाभ मिलने लगेगा। वहीं एक यूनिट खून से चार लोगों को जीवनदान मिल सकेगा।

जिला अस्पताल में अभी तक एक यूनिट रक्त से सिर्फ एक की ही जान बच रही थी, क्योंकि कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट न होने से खून से आरबीसी, प्लेट्लेट्स, प्लाज्मा एवं क्राओ प्रेसिपिटर को अलग नहीं किया जा सक रहा था। ऐसे में इनकी आवश्यकता वाले मरीजों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जाता था। मरीजों की दिक्कतों को देखते हुए जिला अस्पताल में यूनिट की स्थापना कराने की कवायद शुरू हुई। इसके लिए संबंधित मशीनें आ गईं जो दो साल से ब्लड बैंक में रखे रखे धूल फांक रही थीं। हालांकि इसके लिए समय समय पर सेंट्रल फूड एंड ड्रग सेफ्टी विभाग के लोग जिला अस्पताल आकर ब्लड बैंक का निरीक्षण करते रहे। इसमें दो साल बीत गए।

**थैलेसीमिया, डेंगू मरीजों को मिलेगा लाभ :** ब्लड सेपरेटर यूनिट प्रारंभ होने के बाद सबसे ज्यादा डेंगू, थैलेसीमिया के मरीजों को लाभ मिलेगा। डेंगू के मरीजों को प्लेट्सलेट की और थैलेसीमिया के मरीजों एवं आग से जले, मलेरिया व चिकनगुनिया के बिगड़े केस में मरीजों को अन्य ब्लड कंपोनेंट की आवश्यकता होती है।

**इनका हुआ निरीक्षण :** टीम ने ब्लड बैंक पहुंचकर मशीनों की संख्या, सेपरेटर मशीनें, फ्रीजर, स्टोरेज फ्रीजर की संख्या, मरीजों की स्थिति, ब्लड डोनेशन की स्थिति, मशीनों की खरीद संबंधी कागज, ब्लड बैंक की क्षमता, यूनिट के एक्टिव मोड, पावर जनरेटर की स्थिति, डॉक्टर, तकनीकी स्टाफ के अलावा शासन से तय गाइडलाइन के अनुसार निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की थी।


ब्लड बैंक में दो साल से रखी सेपरेटेड यूनिट के लिए आई मशीनें।


मरीज के लिए रक्तदान करता तीमारदार।
● अमृत विचार

### ब्लड सेपरेटर यूनिट

ब्लड सेपरेटर यूनिट में एक यूनिट ब्लड से श्वेत रक्त कणिकाएं, (डब्ल्यूबीसी), लाल रक्त कणिकाएं (आरबीसी), प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, प्रोटीन सहित अन्य तत्वों को अलग-अलग किया जाता है। इससे ब्लड डोनर के एक यूनिट ब्लड को कंपोनेंट के रूप में छह अलग-अलग मरीजों को चढ़ाया जा सकता है। सिंगल डोनर प्लेटलेट्स मशीन से एक ब्लड डोनर से ही इसकी आपूर्ति हो जाती है।



> कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट के संचालन के लिए जिला अस्पताल को लाइसेंस मिल गया है। जल्द ही इसका डेमो कराया जाएगा, जिसके बाद यूनिट का संचालन शुरू हो जाएगा। मरीजों को जिला अस्पताल में ही प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, आरबीसी और क्राओ मिलेगा। डेंगू के सीजन में मरीजों को इसका काफी लाभ मिलेगा।
> – **डॉ. आरके कोली,** सीएमएस जिला अस्पताल

### एक माह में दिया जाता है 280 से 300 यूनिट रक्त



ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संतोष मिश्रा ने बताया कि औसतन एक माह में ब्लड बैंक से 280 से 300 यूनिट रक्त दिया जाता है, जिससे सिर्फ इतने ही मरीजों की जान बचाई जा सकती है। मगर, यूनिट शुरू होने के बाद एक यूनिट को चार जगह विभक्त कर चार की जान बचाई जा सकेगी। वहीं यदि किसी रोगी को प्लाज्मा या प्लेटलेट्स की जरूरत है तो उसे वही दिया जाएगा। आरबीसी व क्राओ की बचत होगी, जो किसी अन्य के काम आ सकेगा।

# बेहजम चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर, 15 दरोगा बदले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सदर कोतवाली के एसएसआई सुनील तिवारी को मूड़ा निजाम चौकी का प्रभार

**अमृत विचार:** एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिले की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए 15 उप निरीक्षकों के तबादले किए। वहीं थाना नीमगांव की पुलिस चौकी बेहजम के प्रभारी वीर प्रताप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।

सदर कोतवाली के एसएसआई सुनील तिवारी को मूड़ा निजाम चौकी का प्रभारी बनाया है।मूड़ा निजाम चौकी प्रभारी अजय सिंह को इसी पद पर बेहजम चौकी भेजा है। थाना मितौली के एसआई अनिल तिवारी को एसएसआई सदर कोतवाली के पद पर भेजा गया है। पुलिस लाइन से संतोष तिवारी थाना फरधान और धर्मेंद्र कुमार सिंह थाना शारदा नगर के एसएसआई होंगे।

महिला उपनिरीक्षक भाग्यवती को थाना मोहम्मदी, थाना पसगवां से विचित्र वीर सिंह को थाना खमरिया, मोहम्मदी से महिला उपनिरीक्षक महादेवी को कोतवाली सदर भेजा है। इजहरुद्दीन वेग का पुलिस लाइन से पसगवां किया गया स्थानांतरण संशोधित कर न्यायालय सुरक्षा में तैनात किया गया है। थाना सिंगाही के एसआई सतीश चंद्र अब ढकवा पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी होंगे।

ढकवा पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी जितेंद्र सिंह को थाना नीमगांव, पुलिस लाइन से साहबलाल को थाना खीरी, संजीव कुमार तोमर को थाना पसगवां, चौकी प्रभारी मेला कोतवाली लखीमपुर अवनीश कुमार को एसएसआई थाना भीरा बनाया गया है। थाना भीरा की उपनिरीक्षक महिमा पांडेय को थाना निघासन भेजा है। दीपावली से पहले पुलिस कर्मियों के तबादले शांति व्यवस्था के मद्देनजर किए गए हैं।

# दो तस्कर गिरफ्तार अफीम बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 600 ग्राम अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत ढाई लाख रुपये है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय को बुधवार की शाम सूचना मिली कि निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पर दो मादक पदार्थ तस्कर खड़े है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए तस्कर हारुन निवासी बंगशान थाना जलालाबाद व रेहान निवासी बंगशान थाना जलालाबाद है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 600 ग्राम अफीम बरामद की है। अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत ढाई लाख रुपये बतायी जा रही है। पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया। दोनों अभियुक्तों पर पहले से कई मुकदमें दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वह सस्ते में अफीम खरीद लेते है और ढाबों के आस-पास ट्रक चालकों को बेच देते है। टीम में उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, सिपाही दिनेश, अनिल नागर, शुभम सैनी थे।

# सड़क हादसों में महिला समेत तीन की जान गई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- निगोही क्षेत्र में सतवां खुर्द के पास तेज रफ्तार कार ने महिला को मारी टक्कर

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

सेहरामऊ दक्षिणी। थाना क्षेत्र के गांव चांदापुर निवासी शत्रुघन(45), शेरबहादुर, दिनेश, रजनीश, चिक्की जमौर में स्थित एफसीआई गोदाम में मजदूरी करते हैं। बुधवार की शाम पांचों मजदूरी करके जमौर से टैंपों से चांदापुर गांव आ रहे थे। कांट रोड पर जमौर पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने टैंपो को साइड से टक्कर मार दी, जिससे टेंपो सड़क के किनारे पलट गया। सूचना पर कांट पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां इलाज के दौरान मजदूर शत्रुघन की मौत हो गई।

निगोही। थाना क्षेत्र के गांव मघवामई निवासी किरन(60) बुधवार दोपहर 12 बजे सतवां गांव में स्थित जनसेवा केंद्र पर पेंशन का फार्म भरने के लिए जा रही थी। केंद्र के बाहर कार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। लोगों ने चालक को पकड़ लिया। चालक घायल महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा और भर्ती कराके भाग गया। घायल महिला के परिवार वाले मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। शाम को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

खुदागंज। क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी सोनू सिंह(45) अपनी कंपाइन से फतेहपुर में फसल की कटाई कर रहा था। वह रोजाना रात में साढ़े दस बजे तक घर पहुंच जाता था, लेकिन बुधवार रात घर नहीं पहुंचा, तब भाई दिलबाग सिंह ने रात दो बजे उसके मोबाइल पर काल की, तो घंटी बजती रही, लेकिन फोन नहीं उठा। वह सुबह चार बजे भाई की तलाश में निकला। गाजोपुर गांव के पास सोनू सिंह मृत अवस्था में पड़ा था। उसकी बाइक सड़क के किनारे पड़ी थी और अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके सिर में चोट के निशान थे। उसका मोबाइल पास में पड़ा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक उसकी हादसे में मौत हुई है।



## एक नजर

### 86 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**अलीगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर बजीरनगर में 86 लोगों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गईं। डॉ सचिन वर्मा, उर्मिला, वार्ड बॉय शिवम, शाहीन, आशा संगिनी पूनम, मालती देवी, गायत्री, शहडोल, निशा, सरोजिनी, मंजू रेखा, रानी, लौंगश्री ने गांव के गलघोटू, बुखार, टाइफाइड, मलेरिया आदि के 86 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दीं।

### प्राथमिक विद्यालय सदर में हुई एक दिवसीय गोष्ठी

**लखीमपुर खीरी।** नगर संसाधन केंद्र सदर स्कूल में बृहस्पतिवार को एक दिवसीय नगर स्तरीय गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि बीएसए कार्यालय के वित्त एवं लेखा अधिकारी हरिकेश बहादुर सिंह एवं बीईओ शत्रुहन सरोज ने किया। बीईओ ने कार्यशाला की आवश्यकता और उपयोगिता बताते हुए डीबीटी, निपुण भारत मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प आदि की जानकारी दी। जिला व्यायाम शिक्षक विवेक गुप्ता, सभासद कौशल तिवारी, समसुल हसन, विक्रम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को निरोगी बनने के लिए कराया योग

**लखीमपुर खीरी :** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में संचालित योग वेलनेस सेंटर की ओर से बृहस्पतिवार को संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय भुईफोरवानाथ नगर में योग शिविर लगा। इसमें छात्र-छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए योग का अभ्यास कराकर स्वच्छता अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया।

### तीन जुआरियों समेत छह लोग गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान मालपुर के एक घर में छापा मारकर जुआ खेल रहे सूरज, फूलचंद निवासी मताई पुरवा थाना फूलबेहड़ व आशीष निवासी मालपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1430 रुपये बरामद किए हैं। इसके अलावा नशे में गाली गलौज कर माहौल खराब करते रहे पड़रिया तुला निवासी राजेंद्र को भी गिरफ्तार किया गया है। ट्यूशन फीस मांगने के मामले में एक व्यक्ति से गाली गलौज के साथ मारपीट करते योगेश शर्मा और विभिन्न मामलों में फरार चल रहे राजेश को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### बच्चे को सांप ने डसा इलाज के दौरान मौत

**संसारपुर, अमृत विचार,** थाना मैलानी की पुलिस चौकी संसारपुर के ग्राम डाटपुर निवासी रजनीश कुमार का तीन वर्ष का पुत्र कैरव घर में खेल रहा था। इसी दौरान बिल से निकले जहरीले सांप ने कैरव को डस लिया। बच्चा बेहोश हो गया तब परिजन उसे एक प्राइवेट चिकित्सक के पास लेकर गये पर बच्चे की हालत में सुधार नहीं हुआ। परिजन बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले गए, डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर अंतिम संस्कार कर दिया।



### प्रसव बाद बिगड़ी हालत जच्चा की मौत

**बिजुआ, अमृत विचार :** प्रतापपुर कड़िया टांडा निवासी निवासी 28 वर्षीय पूजा को प्रसव पीड़ा होने पर पति अंकित गुप्ता बुधवार को भीरा के निजी अस्पताल लेकर गए। महिला चिकित्सक ने बृहस्पतिवार तक डिलीवरी होने की संभावना जताई। बताते हैं बृहस्पतिवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर घरवाले पास के उपकेंद्र धरमापुर लेकर पहुंचे। वहां पर नर्स सुमन पाल ने सुबह प्रसव कराया, लेकिन इसके कुछ देर बाद ही पूजा की तबियत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होता देखकर स्टाफ नर्स ने पूजा को सीएचसी बिजुआ रेफर कर दिया। बिजुआ सीएचसी पहुंचने पर चिकित्सक ने पूजा को मृत घोषित कर दिया। अंकित ने बताया कि नवजात स्वस्थ है।

# मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने आ रहे बेटे की ट्रेन से गिरकर मौत

## मां की बीमारी से मौत की खबर सुनकर लखनऊ से आ रहा बेटा गोमती एक्सप्रेस से गिरा

संवाददाता, मैलानी



मृतका केसरा देवी।



मृतक करुणाशंकर।

- बड़े बेटे की मौत की सूचना नहीं मिली तो कर दिया अंतिम संस्कार
- दोनों पैरों के पंजे कट गए और सीने में चोट आने से मौत हो गई

**अमृत विचार:** मां की मौत की खबर सुनते ही गोमती एक्सप्रेस ट्रेन से आ रहे 55 वर्षीय बेटे की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जीआरपी ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नगर के मोहल्ला दामोदरपुर वार्ड निवासी केसरा देवी पत्नी स्वर्गीय गुरु प्रसाद की बीमारी के चलते मंगलवार रात में मौत हो गई, जिसकी खबर लखनऊ में मजदूरी कर रहे उनके बेटे करुणाशंकर उर्फ (कल्लू) को दी गई। खबर सुनते ही लखनऊ से मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने आ रहे बेटा करुणाशंकर उर्फ (कल्लू) मैलानी से एक किमी पहले ही गोमती एक्सप्रेस ट्रेन से गिर गया, जिससे उसके दोनों पैरों के पंजे कट गए और सीने में चोट आने से उसकी मौत हो गई। इधर परिजनों ने लखनऊ से आने वाली तीनों ट्रेनों का इंतजार किया। जब वह नहीं पहुंचा तो बुधवार की दोपहर दो बजे मां का अंतिम संस्कार कर दिया। उधर मृतक की जेब में बैंक की पासबुक, गोमती एक्सप्रेस ट्रेन का टिकट मिला। पासबुक के पीछे छोटे भाई अप्पन का मोबाइल नंबर लिखा था। जीआरपी पुलिस ने फोन पर जानकारी दी तो परिजनों ने मृतक की पहचान दामोदरपुर वार्ड निवासी 55 वर्षीय करुणाशंकर (कल्लू) के रूप में की।

### परिजनों को 12 घंटे बाद मिली सूचना

**मैलानी।** नगर से एक किलोमीटर दूरी पर शव पड़ा रहा। जीआरपी, सिविल पुलिस ने परिजनों को 11 बजे रात को कल्लू के ट्रेन से गिरकर मौत की सूचना दी। बड़े भाई के नाते मृतक कल्लू को ही मां को मुखाग्नि देनी थी। जीआरपी, सिविल पुलिस की लापरवाही से 12 घंटे तक लाइन पर पड़ी रही वाडी में मृतक का हाथ भी नहीं मिला। अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक का हाथ कुत्ते नोच ले गए हैं।

## गैंग लीडर समेत पांच चोरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली सदर पुलिस ने चोर गिरोह के लीडर और उसके चार साथियों के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक सदर की तहरीर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि कोतवाली धौरहरा के गांव हरदी गुदरिया निवासी सर्वेश गैंग का लीडर है। वह अपने गैंग के सदस्य सुरेश निवासी खगियापुर गढपुरवा, हरदी गुदरिया निवासी पिंकू, नयापुरवा मजरा हरदी गुदरिया निवासी अशोक उर्फ छोटू और राजू निवासी चहमलपुर थाना खमरिया के साथ मिलकर चोरी व नकबजनी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। चारों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# लाठी लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को दौड़ाया

संवाददाता, बेलरायां

- प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर दंपती समेत तीन के खिलाफ केस

**अमृत विचार:** गाली-गलौज का विरोध करने पर प्रधान प्रतिनिधि को दंपती ने अपने बेटे के साथ दौड़ा लिया। प्रधान प्रतिनिधि ने दूसरे के घर में छिपकर अपनी जान बचाई। पूलिस ने आरोपी दंपती और उसके पुत्र के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव भूलनपुर निवासी ध्रुव कुमार वर्मा ग्राम पंचायत भेडौरी के प्रधान प्रतिनिधि हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के मजरा भूलनपुर में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल टंकी का निर्माण कराया गया जिसकी देखभाल के लिए गांव के ही दिलीप कुमार को नियुक्त किया गया है। दिलीप टंकी परिसर की चाबी पड़ोसी मुन्नालाल वर्मा के घर रख देता है, जिसका पड़ोसी रामविनोद विरोध करता है। साथ ही टंकी परिसर पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास करता रहता है। गुरुवार को रामविनोद की पत्नी उषा देवी मुन्ना लाल वर्मा के परिवार को गालियां दे रही थी। वह मौके पर पहुंचे और गाली गलौज से मना किया। इस पर उषा भड़क गईं और अभद्र व्यवहार कर हमलावर हो गईं। रामविनोद व उनका छोटा बेटा रुपेश कुमार घर से लाठी निकाल लाए और दौड पड़े। उसने मुन्ना लाल वर्मा के घर में छिप कर जान बचाई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट पत्थर फेंके। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिकुनिया अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रकरण की जांच बेलरायां चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार यादव कर रहे हैं।

# मनोरोग से बचने को आठ घंटे की नींद जरूरी: डॉ. अखिलेश शुक्ला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



स्वास्थ्य शिविर आरंभ करते विधायक विनोद शंकर अवस्थी। • अमृत विचार

- स्वास्थ्य शिविर में पंजीकृत 153 मरीजों में मानसिक रोग से ग्रसित मिले 32 लोग

**अमृत विचार:** सीएचसी खमरिया पंडित में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर लगा। धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने आरंभ किया। शिविर में 153 मरीज पहुंचे, जिसमें 35 मानसिक बीमारी से ग्रसित मिले। इस दौरान लोगों को मनोरोग से बचने के लिए तनाव न लेकर आठ घंटे की नींद लेने के लिए प्रेरित किया गया।

मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने इनका परीक्षण कर दवाएं दी। साथ ही मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए तनाव रहित आठ घंटे की नींद लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि रोजाना व्यायाम, साफ सफाई, शुद्ध और ताजा भोजन करें और धूम्रपान से दूर रहें। मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता अतुल पांडेय ने बताया कि नींद न आना, उलझन, घबराहट, मिर्गी के दौरे, डिप्रेशन, सिर में दर्द, चक्कर आना, आत्महत्या के विचार आना, अपने आप से बात करना, शक करना, भूत प्रेत की छाया दिखना, पढ़ाई में मन न लगना आदि मनोरोग की श्रेणी में आते हैं। साथ ही परामर्श के लिए हेल्प लाइन नंबर 9120984643 एवं समस्या होने पर 14416 पर संपर्क करने की जानकारी दी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. पंकज कुमार, नैदानिक मनोचिकित्सक स्तुति कक्कड़, डॉ. मुनिश वर्मा, डॉ. हसमत आरा, गायत्री देवी स्टाफ, विकाश कुमार, सुरेंद्र कुमार, अखिलेश वर्मा सहित समस्त स्टाफ, आशा व एएनएम मौजूद रहीं।

## नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों को बताई चकबंदी प्रक्रिया

**अलीगंज, अमृत विचार:** तहसील सदर के ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम चौरठिया में चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने बैठक कर लोगों को चकबंदी के नियम बताए हैं।

नायब तहसीलदार सुरेंद्र सिंह, लेखपाल मनीष मौर्य ने ग्राम चौरठिया और उसके मजरा खलीलपुरवा की जनता को मुनादी, माइक से सूचना देकर खुली बैठक की। अंबेडकर खेल मैदान, इंटर कॉलेज, बारात घर, श्मशान घाट, कब्रिस्तान, खाद के गड्ढे आदि के लिये जमीन छोड़े जाने पर चर्चा हुई। बताया कि खेत मालिक के सामने खेत की मालियत निकाली जाएगी, फिर परचा बंटेगा। किसान अपनी आपत्ति दर्ज कराने को स्वतंत्र है। उनकी समस्या का निस्तारण किया जाएगा।ग्राम प्रधान हाजी बशीर अहमद, सदस्य ओमप्रकाश राठौर, पूर्व बीडीसी जगदीश प्रसाद राजपूत, बहोरी लाल, ओमप्रकाश, गोकुल भार्गव, दशरथ कश्यप सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# बांध पूरा करने की मांग, किया प्रदर्शन

संवाददाता, धौरहरा



एसडीएम राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपते बाढ़ पीड़ित। • अमृत विचार

- 2022-23 की स्टील क्लूजिंग ट्यूब परियोजना का काम अधूरा

**अमृत विचार:** धौरहरा तहसील क्षेत्र सरगड़ा चहमलपुर सहित करीब दस गांवों को बचाने के लिए वर्ष 2022-23 में स्टील क्लूजिंग ट्यूब परियोजना बना कर बाढ़ खंड ने कार्य कराया, जिससे गांवों में बाढ़ रुकी। अभी भी इस परियोजना का काम बाकी है, लेकिन बाढ़ खंड विभाग यह काम छोड़ दूसरी जगह बांध बनाने जा रहा है। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है और अधूरा कार्य को पूरा कराने की मांग की है।

धौरहरा तहसील क्षेत्र में बाढ़ कटान सबसे बड़ी समस्या है। हर वर्ष किसानों की हजारों एकड़ जमीन और घर नदी में समा जाते हैं। तहसील क्षेत्र के सरगड़ा चहमलपुर में वर्ष 2022-23 में स्टील क्लूजिंग ट्यूब परियोजना के तहत आधा अधूरा काम हुआ, फिर भी ग्रामीणों को बाढ़ से काफी राहत मिली। बाढ़ खंड ने किसानों के खेतों से होकर एक नई परियोजना शारदा नगर से ऐरा पुल तक तटबंध बनाने की स्वीकृति कर दी। तहसील में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण रामू, महेश राज, हरिकिशुन, जगदीश, कल्लू, इन्द्रेश कुमार रामाधार, अवध राम ने बताया कि बांध को पूरा किए बिना बाढ़ खंड शारदा नगर से ऐरा पुल तक नई परियोजना में करोड़ों रुपये का बंदरबांट करना चाहता है। इस नई परियोजना के बनने से सरगड़ा, गठियापुरवा, नौवापुर, समदहा, चिकनाचती, चहमलपुर ऐरा के करीब चालीस हजार किसानों का भारी नुकसान होगा और गांव बाढ़ में जलमग्न होंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि नया बांध न बना कर पुरानी परियोजना के अधूरे बांध को पूरा एवं पक्का कर दिया जाए ताकि किसानों की जमीनों के साथ बाढ़ से भी निजात मिल सके।

> ग्रामीण अधूरी पड़ी परियोजना को पूरा करने और नई परियोजना को न बनाने की मांग कर रहे हैं। मैंने बाढ़ खंड को पत्र के साथ ज्ञापन की कापी भेज रहा हूं। सर्वे भी कराया जाएगा।
>
> **-राजेश कुमार,** एसडीएम धौरहरा

# गोलीकांड में तीन नामजद 20 अज्ञात पर केस दर्ज

संवाददाता, खीरी टाउन

- युवक ने पत्नी के पीटा तो मायके वालों ने आकर की मारपीट
- महिला के भाई ने बहनोई पर किया तमंचे से फायर

**अमृत विचार:** कस्बे के मोहल्ला डीहपुर में बुधवार की रात दंपती के बीच कहासुनी के बाद महिला के मायके वालों ने उसके पति, भाई के साथ मारपीट की थी। इस दौरान फायरिंग भी की गई। पुलिस ने तीन लोगों को नामजद करते हुए 20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला डीहपुर निवासी मोहम्मद आलम का निकाह गोलवापुर निवासी रफीकुन के साथ करीब दस साल पहले हुआ था। पिछले दो वर्षों से दंपती के बीच में अनबन चल रही थी और आए दिन विवाद होता था। बुधवार की रात पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ा तो मोहम्मद आलम ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। इससे नाराज रफीकुन ने अपने मायके वालों को फोन कर दिया। कुछ कुछ समय बाद उसके भाई साबित, लकी, मोनू, नसरत आदि आ गए।

इसके बाद दोनों पक्षों में काफी कहासुनी होने लगी। बात अधिक बढ़ने पर मारपीट होने लगी। इसी बीच साबित ने अपने बहनोई पर तमंचे से गोली चला दी। लड़का पक्ष के मोहम्मद आलम और उसका भाई आफताब व विपक्षी नसरत पुत्र छोटने घायल हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय ने बताया कि तमंचा और खोखा मौके से बरामद किया गया है। पुलिस ने मोहम्मद आलम के पिता मोहम्मद जमा की तहरीर मोनू, नसरत, बबलू निवासी गोलवापुर व 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## एसडीएम के अर्दली के घर से नगदी व जेवर चोरी

**धौरहरा, अमृत विचार:** धौरहरा एसडीएम के अर्दली के घर में चोर 42 हजार रुपये और करीब दो लाख के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना किया। चोरों की तलाश की जा रही है।

धौरहरा कस्बे के अमृतपुरम मोहल्ले में एसडीएम धौरहरा के अर्दली बबलू किराए पर रहते हैं। गुरुवार की रात चोर उनके मकान में दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी तोड़ दी। उसमें रखे 42 हजार रुपये, तीन तोला सोना और आधा किलोग्राम चांदी लेकर भाग निकले।

घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब वह सुबह सोकर उठे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। निरीक्षक अपराध गंगा प्रसाद यादव ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# बर्तन बाजार में दुकान में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- दूसरी मंजिल पर दुकान से उठीं लपटें, अग्निशमन दल ने पाया काबू
- आग शार्ट शर्किट से लगने की आशंका जताई जा रही, मची अफरा-तफरी

**अमृत विचार:** शहर की व्यस्त बर्तन बाजार में गुरुवार की दोपहर एक व्यवसायी की दूसरी मंजिल पर स्थित दुकान में आग लग गई। धुआं उठते देख आग लगने की जानकारी हुई। इससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। फायर बिग्रेड ने समय रहते ही आग पर काबू पा लिया। आग सॉर्ट शर्किट से लगने की आशंका जताई जा रहा है।

बर्तन बाजार में तुषार सिंह की बर्तन की दुकान है। गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे अचानक दूसरी मंजिल पर आग लग गई। धुआं निकलते दुकान के कर्मचारी ने देखा तो जानकारी हुई। भीड़ मौके पर जुट गई और सूचना फायर बिग्रेड को दी। फायर बिग्रेड के कर्मचारी सीढ़ी की मदद से दूसरी मंजिल पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया। दुकान मालिक ने शार्ट शर्किट होने से आग लगने की आशंका जाहिर की है। आग में किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।



सीढ़ी लगाकर आग बुझाने की कोशिश करते अग्निशमन कर्मचारी।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे महिला का पैर फ्रैक्चर

**मैलानी, अमृत विचार:** मैलानी थाना क्षेत्र के कस्बा बांकेगंज के अम्बेडकर नगर निवासी मैना देवी ने बताया कि उनकी देवरानी शान्ति देवी से पुरानी रंजिश चली आ रही है।


मंगलवार को शान्ति के बेटों में झगड़ा हो रहा था। मेरे बेटे ने समझाया तो वे सभी हम लोगों को पीटने लगे। पुलिस चौकी पर तहरीर देने जा रहे थे तो बैंक के पास शान्ति के दामाद मुन्ना, उसकी पत्नी सुमन और देवसरन ने गालियां दी। विरोध करने पर सभी लोग पीटने लगे। पुलिस चौकी जाने पर बेटे रामकिशुन को अंदर ले जाकर पटे मारे गये। दिखावे में आरोपियों का सिर्फ शांतिभंग में चालान किया गया। सुनवाई न होते देख एसपी कार्यालय गये।वहां से मैलानी थाने भेजा गया। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि पीड़ित पक्ष का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला के सिर और पैर में चोट आयी है। चौकी में सिपाही द्वारा पीटने की बात संज्ञान में नहीं है।

## पुलिस ने 16 घंटे में बरामद किये दो गुमशुदा बालक

**बिलहरी/रोशननगर, अमृत विचार:** थाना हैदराबाद पुलिस टीम ने आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत गुमशुदा बच्चे को मात्र 16 घंटे में सकुशल बरामद कर परिवार वालों को सौंप दिए। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवाजी दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बनबुधेली निवासी सद्दीक अली के पुत्र मोहम्मद तहेजुल्ल (13) और परवेज अली (12) को 16 घंटे के अंदर बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### अपने ही घर में संदिग्ध अवस्था में मृत मिला युवक



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला गोकुलपुरी कालोनी में युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह रात में दशहरा मेला देखकर घर आया था। सुबह उसका शव घर में मिला। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। मोहल्ला गोकुलपुरी कालोनी निवासी पवन कुमार उर्फ कृष्णा बुधवार रात दशहरा मेला देखकर घर आया और खाना खाकर छत पर सोने चला गया। गुरुवार सुबह उसकी मां मंजू देवी टहलकर वापस आई। वह उसे जगाने गईं तो वो पवन मृत अवस्था में मिला। मंजू देवी ने बताया कि उनके पति करीब 15 साल पहले कहीं चले गए , जो अभी तक नहीं आए हैं। कोरोना के समय बड़ा पुत्र भी काल के गाल में समा गया। पवन ही उनके बुढ़ापे का सहारा था। वह एक मेडिकल एजेंसी पर नौकरी कर घर चलाता था। पुत्र की मौत से मंजू देवी रो-रोकर हाल बेहाल हैं। हरगांव (सीतापुर) निवासी मृतक के नाना पुत्तूलाल ने हत्या की आशंका जताई है।

### मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली एसडीएम ने पकड़ी



**संवाददाता, सिंगाही, अमृत विचार :** सिंगाही क्षेत्र में इन दिनों मोतीपुर, सिन्हौना, नौरंगाबाद, भौका, मांझा आदि स्थानों पर जौरहा और सरयू नदी से बड़े पैमाने पर बालू का खनन किया जा रहा है। इतना ही नहीं माफिया अवैध तरीके से मिट्टी भी खोदकर बेच रहे हैं। गांव मोतीपुर पुल, सिगहां कला, तकियापुरवा, दरेहटी में मिट्टी का खनन किया जाता है। इस धंधे को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। इससे चालक बेधड़क तेज रफ्तार फर्राटा भरते हैं। एसडीएम निघासन राजीव निगम ने रात में अवैध मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया। उसे सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

### पेंशन समस्याओं के निदान के लिए लगा शिविर

**पलिया : अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में बृहस्पतिवार को पेंशन संबंधी समस्याओं का निराकरण करने के लिए शिविर लगा। इसमें वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांगों ने पेंशन न आने को लेकर शिकायती पत्र दिया तो वहीं लोगों ने पीएम किसान सम्मान निधि न आने की शिकायत की। अधिकारियों ने समस्याओं का जल्द ही निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

# युवक की तलाश में लखीमपुर खीरी पहुंची गुजरात पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- इंस्टाग्राम से हुआ प्यार, युवक शादी का बना रहा दबाव
- आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट, पाक्सो और यौन उत्पीड़न का केस दर्ज

**अमृत विचार:** इंस्ट्राग्राम के जरिए गुजरात निवासी एक किशोरी से लखीमपुर के युवक की हुई दोस्ती प्यार में बदल गई। युवक ने जब किशोरी पर शादी करने का जबरन दबाव बनाया तो किशोरी के परिवार वालों का जानकारी हुई। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर खीरी पहुंची गुजरात पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक शहर के मोहल्ला महराजनगर निवासी एक युवक की इंस्टाग्राम के माध्यम से गुजरात के सूरत (की एक 16 साल की किशोरी से दोस्ती हो गई। कुछ दिनों के बाद दोनों में प्यार परवान चढ़ गया। दोनों ने एक दूसरे के मोबाइल नंबर साझा किए और घंटों बात करने लगे। पुलिस के मुताबिक इधर काफी दिनों से युवक किशोरी पर शादी करने का दबाव बना रहा है। इससे मानसिक रूप से परेशान किशोरी ने जानकारी परिवार वालों को दी। परिवार की तहरीर पर सूरत पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आईटी एक्ट, पाक्सो और यौन उत्पीड़न के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस उसकी तलाश में गुरुवार को लखीमपुर खीरी पहुंची। उसने सदर कोतवाली पहुंचकर अपराध इंस्पेक्टर हरि प्रकाश से मदद मांगी। सूरत और खीरी पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह ने बताया कि गुजरात पुलिस टीम का पूरा सहयोग किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपने पुत्र मुजीव रजा खॉ व उसकी पत्नी इल्मा के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल व सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ, यह दोनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। गुलाम अहमद खां पुत्र जुम्मन खॉ निवासी - छावनी असरफ खॉ थाना प्रेमनगर जिला बरेली।

जमीन बिकाऊ है
1400 गज
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पीछे
सेंथल रोड, हाफिजगंज।
8979764949
9897375743

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

